तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जून 2026



किसानों के लिए 24 हजार मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण





## खबर संक्षेप

### पेड़ में फांसी लगाकर ग्रामीण ने की खुदकुशी

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चापखेत में उस समय हड़कंप मच गया, जब उसी गांव का रहने वाला 47 वर्षीय शिवनंदन राठिया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ मिला। शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर मलका जीरो पॉइंट के पास नदी किनारे स्थित एक पेड़ पर लटका मिला, जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। अचानक हुई इस घटना से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार शिवनंदन राठिया गांव के मिलनसार और परिचित व्यक्ति थे, इसलिए उनकी मौत की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। सूचना मिलने पर धरमजयगढ़ पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की तथा पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

### मारपीट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया । जानकारी के अनुसार बैकुण्ठपुर महावीर चौक निवासी वैभव ठाकुर ने बीते 28 मार्च को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया था कि 27 मार्च को श्रीरामनवमी शोभायात्रा के दौरान गैलेक्सी मॉल के पास कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था, जिसमें उसने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराने की कोशिश की थी। जिसके बाद देर रात शोभायात्रा समाप्त होने के बाद जब वह अपने साउंड सिस्टम का सामान दशरथ पान ठेला के पास रखवा रहा था, तभी शुभम भाटिया, विश्वास बैरागी और उनके कुछ साथी वहां पहुंचे। बीच-बचाव करने की बात को लेकर आरोपियों ने उससे विवाद शुरू कर दिया और गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शुभम भाटिया ने हाथ में पहने कड़े से हमला किया, जबकि विश्वास बैरागी और अन्य साथियों ने हाथ.मुक्कों व लातों से मारपीट की। घटना में वैभव ठाकुर को नाक, कंधे और हाथ में चोटें आई थीं। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की। इसी बीच विश्वास बैरागी 20 निवासी मोदीपारा सावित्री नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मारपीट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

### 27 ने नहीं कराया अभिलेखों का संधारण, 4 में विक्रय पर प्रतिबंध तो वहीं 3 का स्टॉक जब्त

# 89 खाद बिक्री केंद्रों की जांच, 60 में मिली गड़बड़ी, 50 को नोटिस, 3 दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खरीफ सीजन के दौरान किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने जिलेभर में निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में बीते 2 माह में 89 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जिसमें से 60 में अनियमिततायें पाई गईं। ऐसे में 50 केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही 4 केंद्रों में विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा 3 केंद्रों के स्टॉक में अंतर मिला है जिसे जब्त कर किया गया है। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं के कारण निजी और सहकारी उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 1 जून तक कुल 89 केंद्रों में किए गए निरीक्षण के दौरान यह खामियां देखने को मिली हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अनियमितता पाए जाने पर 50 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 32 मामलों में विक्रय केंद्रों को चेतावनी या निर्देश दिए गए। इसके अलावा 4 मामलों में विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया तथा 3 मामलों में उर्वरक स्टॉक जब्त करने की कार्रवाई भी की गई।

बता दें कि जिले में निजी उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ सबसे अधिक कार्रवाई दर्ज हुई है। आंकड़ों के अनुसार निजी क्षेत्र में कुल 46 मामलों में कार्रवाई हुई, जिसमें 26 कारण बताओ नोटिस, 13 निर्देश, 4 विक्रय प्रतिबंध और 3 स्टॉक जब्ती की कार्रवाई शामिल है। वहीं सहकारी संस्थाओं के विरुद्ध 19 मामलों में कार्रवाई दर्ज की गई। निरीक्षण कार्य में कृषि विभाग के कई अधिकारियों ने भाग लिया। रिपोर्ट के अनुसार निरीक्षक अभिषेक पटेल, विनोद कुमार पटेल, जनमजय पटेल, पुरुषोत्तम चौधरी, मनीषा राठौर, रामकुमार पटेल, एसयू खान तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न उर्वरक केंद्रों का निरीक्षण कर अनियमितताओं की जांच की गई।

**रखी जा रही नजर**

किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए उर्वरक भंडारण, विक्रय और वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**अनिल वर्मा**
उप संचालक, कृषि विभाग

# फरार गांजा तस्कर पत्थलगांव से गिरफ्तार, 3.5 किलो जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पत्थलगांव गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र में लैलूंगा रोड पर नाकेबंदी के दौरान दो युवकों को संदेह के आधार पर रोका गया था। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 3.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ थाए जिसकी कीमत करीब 1.75 लाख रुपए आंकी गई थी।

पुलिस ने गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय सिदार निवासी चांदमारी और शिवव्रत सिदार निवासी गोढ़ीकला, पत्थलगांव के रूप में हुई थी। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने गांजा सुदर्शन नाम के व्यक्ति से खरीदा था। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल नंबरों और तकनीकी साक्ष्यों की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि संबंधित मोबाइल नंबर का उपयोग पत्थलगांव निवासी दर्शन प्रसाद चौहान कर रहा था। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने पत्थलगांव में दबिश देकर दर्शन प्रसाद चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसकी पहचान डंपर चालक के रूप में कार्य करने के दौरान शिवव्रत सिदार से हुई थी। दोनों के बीच संपर्क बढ़ने के बाद उसने शिवव्रत को करीब 3.5 किलोग्राम गांजा उपलब्ध कराया था। पुलिस ने अपराध में उसकी संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

# भीखमपुरा की सपेरा बस्ती पहुंचे सीएम, पीएम आवास निर्माण के लिए ईंट रख दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को रायगढ़ विधानसभा के भीखमपुरा गांव पहुंचे। जहां उन्हें अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। बिहान एवं स्व.सहायता की महिलाओं ने ताजा फल तोड़कर तात्कालिक रूप से गुलदस्ता, माला तैयार किया और मुख्यमंत्री को भेंट किया। इस सजीव स्वागत में गांव की सादगी और मुख्यमंत्री के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाया।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया के ग्राम भीखमपुरा में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ अपनी बात की शुरुआत की। जिससे माहौल देशभक्ति और मातृभूमि के सम्मान से ओतप्रोत हो गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करना और आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करना था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और सुझावों को गंभीरता से लिया। एक भावनात्मक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गांव के सरपंच गगन पाणिग्राही को अपने पास बैठाया। जिससे यह प्रतीत होता है कि राज्य सरकार गांव के नेतृत्व और पंचायत व्यवस्था को कितना सम्मान देती है। यह दौरा प्रदेश सरकार की जन केंद्रित नीति और गांव, गरीब, किसान के हित में प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जैसे ही ग्राम भीखमपुरा पहुंचे सबसे पहले यहां वर्षों से पिछड़ी सपेरा बस्ती पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सपेरा परिवारों के लिए 50 मकान का निर्माण प्रधानमंत्री आवास के तहत कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने यहां पर अपने हाथों से ईंट रखकर निर्माण कार्य को गति प्रदान की। उन्होंने सपेरा बस्ती के वसींदों से चर्चा की और उनकी समस्या के बारे में करीब से जाना। जहां मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर सपेरा समुदाय ने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री को सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी की मांग की। जहां मुख्यमंत्री ने उनके मांगों को प्रमुखता से लेते हुए पूरा करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सपेरा बस्ती में ही अपने हाथों से पौधा रोपण किया। तत्पश्चात गौशाला परिसर में पंचमुखी हनुमान पहुंच कर पूजा पाठ कर जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जन केंद्रित योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखा। जहां ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए विकास के क्षेत्र में एक कदम आगे बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं अन्य अतिथियों को सरपंच द्वारा वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार को लेकर प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जहां ग्रामीणों के समस्याओं का निराकरण की जा रही है। उन्होंने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए इसकी जमीनी हकीकत को जानने का प्रयास किया।

### विपक्ष के पास नहीं है कोई मुद्दा

जिले में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन हुआ। सीएम सबसे पहले जिंदल एयरपोर्ट पहुंचे जिसके बाद वे सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सारंगढ़ रवाना हुए। इस दौरान सीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए सरकार की योजनाओं और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 1 मई से शुरू हुआ सुशासन तिहार 10 जून तक चलेगा जिसके तहत प्रदेश के सभी मंत्री सांसद और विधायक लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। जहां लोगों की समस्याएं सुनी जा रही हैं और उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज उनका यह दौरा 26वें जिले में है। जहां वे लगातार शिविरों और गांवों में चौपाल के माध्यम से जनता से संवाद कर रहे हैं। वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए वह हार से बौखलाई हुई है और अनर्गल बयान दे रही है। सरगुजा जिले के घटना को लेकर सीएम साय ने कहा कि संबंधित तहसीलदार से पूछताछ की जाएगी और यदि किसी प्रकार का दबाव है तो उसकी जांच होगी। खाद बीज बीज की स्थिति पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार मॉनिटरिंग कर रही है और तीन.तीन जिलों की समीक्षा की जा रही है। सभी जिलों में खाद, बीज, डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

# पत्नी, ससुर और साले पर 22 लाख की हेराफेरी का आरोप, पति की शिकायत पर मामला दर्ज

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद और कथित आर्थिक धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। एक व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी, ससुर और साले के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसकी मेहनत की कमाई का दुरुपयोग किया, संपत्ति पर कब्जे की कोशिश की और विरोध करने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा निवासी पिंगल कुमार बघेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी शादी वर्ष 2008 में प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। शुरुआती वर्षों में वैवाहिक जीवन सामान्य रहा, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष का हस्तक्षेप बढ़ने लगा। पिंगल का आरोप है कि उनकी पत्नी सीमा बघेल उनकी जानकारी के बिना नियमित रूप से पैसे अपने भाई के खाते में जमा कराती रही। शिकायतकर्ता के मुताबिक, संदेह होने पर उन्होंने अपने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, जिसके बाद कथित रूप से पैसों के लेन.देन की जानकारी सामने आई। जांच में करीब 22 लाख 63 हजार रुपए की राशि पत्नी के भाई के खाते में जाने की बात उजागर होने का दावा किया गया है। पिंगल का कहना है कि जब उन्होंने रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने लौटाने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्ष 2022 में जमीन खरीदने के दौरान उस पर दबाव बनाकर संपत्ति पत्नी के नाम दर्ज कराई गई। बाद में उसी जमीन पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण हुआ, जो अब अधिग्रहण प्रक्रिया के कारण करोड़ों रुपए के मुआवजे की श्रेणी में आ गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी आर्थिक लाभ के लालच में ससुराल पक्ष उसकी अन्य संपत्तियों को भी अपने नाम करवाने का दबाव बना रहा था। वहीं मांग पूरी नहीं होने पर उसके खिलाफ मारपीट और प्रताड़ना की झूठी शिकायत दर्ज कराई गई।




### 23.03 करोड़ की लागत से होगा उद्यानिकी कॉलेज का निर्माण

# प्रभारी मंत्री ने किया उद्यानिकी कॉलेज का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश के कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने आज जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम कोसमनारा में 23 करोड़ 3 लाख की लागत से स्वीकृत उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, 100 सीटर बालक छात्रावास तथा 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पटेलपाली स्थित फल-सब्जी मंडी परिसर में 4 करोड़ 87 लाख की लागत से निर्मित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन गांव-गांव पहुंचकर आम जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह संस्थान आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां से प्राप्त ज्ञान और तकनीक किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने किसानों से जैविक खेती को अपनाने तथा गोबर खाद एवं जैविक उर्वरकों के अधिकाधिक उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन शिविर में किसान को मिला केसीसी कार्ड



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में सुशासन तिहार का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामवासियों का आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड, पेंशन स्वीकृत आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को नया भवन की चाबी सौंपी जा रही हैं। ग्रामवासी केन्द्र शासन और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ शिविर में उठा रहे हैं। जशपुर विकास खंड के ग्राम बरगांव डूमर टोली निवासी फ्रांसीस एक्का को जशपुर विकास खंड के ग्राम बोखी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में केसीसी कार्ड बनाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा सौंपा गया। किसान ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि खेती करने के लिए केसीसी कार्ड से खाद बीज लेने में होगी आसानी।

### प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नया रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत जिला जशपुर की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आरा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तपकरा में 'शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई से 15 जून तक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संचालनालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश नियमावली का भली-भांति अध्ययन कर लें। नियमों की जानकारी के अभाव में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### जिले में 5.5 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 59.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 जून तक औसत वर्षा 89.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 5.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 5.3 मिमी, मनोरा में 16.3 मिमी, कुनकुरी में 4.7 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 8.2 मिमी, बगीचा में 3.2 मिमी, कांसाबेल में 17.7 मिमी, पत्थलगांव में 0.8 मिमी, सन्ना में 3.4 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 17.7 मिमी दर्ज की गई है। 04 जून को सर्वाधिक मनोरा में 2.1 मिमी वर्षा हुई।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम सिमरो मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन चालक के लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिरौली निवासी शालिक राम आ. धरम पाल (30 वर्ष) 1 जून को परिचित का बाइक लेकर अकेले अपने साढू के यहा दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सिमरो मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार कर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिचित लोगों ने घायल को बिजूरी अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात परिजन को घटना की सूचना दी। परिजन बिजूरी अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल को अनुपपुर रेफर कर दिया जिस पर परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# नगर पालिका के दोनों वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ वार्ड नंबर 8 में प्रेमलता और वार्ड नंबर 14 में प्रिया ने जीता चुनाव





नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 एवं 14 में पार्षद पद हेतु संपन्न उपचुनाव के परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। दोनों वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।

वार्ड क्रमांक 8 में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी प्रेमलता साहू ने कांग्रेस समर्थित उर्मिला भगत को 164 मतों के अंतर से पराजित किया। प्रेमलता साहू को कुल 381 मत प्राप्त हुए, जबकि उर्मिला भगत को 217 मत मिले। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 14 में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रिया सिंह ने कांग्रेस समर्थित प्यारी कुजूर को 90 मतों से हराकर विजय हासिल की। प्रिया सिंह को कुल 186 मत प्राप्त हुए, जबकि प्यारी कुजूर के पक्ष में 96 मत पड़े। उपचुनाव की समस्त निर्वाचन प्रक्रिया प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं एसडीएम जशपुर विश्वास राव मस्के, उप जिला निर्वाचन अधिकारी समीर बड़ा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय तथा सहायक अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद चौहान सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

### बनाए गए थे तीन मतदान केंद्र

उपचुनाव के लिए कुल तीन मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। वार्ड क्रमांक 8 के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम नवीन आदर्श विद्यालय जशपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 8 एवं 9 तथा वार्ड क्रमांक 14 के लिए शासकीय विजयभूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय जशपुरनगर में मतदान केंद्र क्रमांक 18 बनाया गया था। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी, तीन मतदान अधिकारी तथा एक सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई थी।

## राष्ट्रीय स्तर पर चमका सरडीह का नाम

# स्वच्छ एवं हरित ग्राम श्रेणी में सरडीह पंचायत को देश में मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित हुई ग्राम पंचायत

बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरडीह ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। ग्राम पंचायत सरडीह को पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार के अंतर्गत थीम-5 स्वच्छ एवं हरियाली ग्राम श्रेणी में संयुक्त रूप से देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। यह सम्मान 3 जून को नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत सरडीह की ओर से सरपंच रामजी राम भगत एवं सचिव ईश्वर प्रसाद यादव ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान भारत सरकार के पंचायती राज मंत्री एवं मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।



### कलेक्टर ने की सराहना

इस उपलब्धि पर कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समस्त ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि सरडीह की सफलता जनभागीदारी, नवाचार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने भी ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरडीह ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आदर्श स्थापित किया है, जिससे अन्य पंचायतों को भी सीख लेने की आवश्यकता है।

### बदली गांव की तस्वीर

लगभग 454 परिवारों वाले सरडीह ग्राम पंचायत में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय भी निवासरत है। ग्राम पंचायत ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया है। गांव के सभी घरों में शौचालयों का उपयोग सुनिश्चित किया गया है तथा सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है। गांव में सप्ताह में एक दिन स्वच्छताग्राही समूह एवं ग्रामीणों द्वारा सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, जिससे गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहता है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया है, जिससे भू-जल स्तर में सुधार हुआ है और जल उपलब्धता बढ़ी है।

### राष्ट्रीय पुस्तक में मिली विशेष पहचान

कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्रालय द्वारा देशभर की उत्कृष्ट पंचायतों की उपलब्धियों पर आधारित विशेष पुस्तक ₹राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025₹ का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तक में ग्राम पंचायत सरडीह के स्वच्छता, हरित विकास, जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा एवं सामुदायिक सहभागिता संबंधी उल्लेखनीय कार्यों को विशेष स्थान दिया गया है। पुस्तक की प्रति पंचायत प्रतिनिधियों को भी प्रदान की गई।

### सामूहिक प्रयासों का मिला राष्ट्रीय सम्मान

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार ग्रामीण भारत में समावेशी, सहभागी एवं सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार पंचायतों को स्थानीय स्तर पर बेहतर शासन, सेवा वितरण और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हैं। ग्राम पंचायत सरडीह को प्राप्त यह सम्मान गांव के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वच्छताग्रहियों और समस्त ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल जशपुर जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है और स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

## थाने के पास आदिवासी महिला की मौत, जांच की मांग



■ नगर पंचायत अध्यक्ष ने एसएसपी से की मुलाकात

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी थाना परिसर में आदिवासी महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। शुक्रवार को विगत दिन पहले नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील गुप्ता ने डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल आत्महत्या का मामला नहीं, बल्कि कई गंभीर परिस्थितियों और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा करने वाली घटना है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में थाना परिसर के भीतर हुई इस घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### रात 2 बजे डायल-112 से मांगी थी मदद

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि घटना से पहले रात करीब दो बजे महिला ने डायल-112 वाहन को रोककर अपनी परेशानी बताई थी। यही तथ्य अब पूरे मामले का सबसे बड़ा सवाल बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि महिला ने पुलिस से मदद मांगी थी तो उसे रात के समय अकेले छोड़ देना गंभीर लापरवाही माना जाएगा। पुलिस की जिम्मेदारी थी कि महिला की स्थिति को समझते हुए उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाता या उसके परिजनों से संपर्क किया जाता। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर महिला ने पुलिस को क्या बताया था। वह किस परेशानी में थी और डायल-112 की टीम ने उस सूचना को कितनी गंभीरता से लिया।

### रिकॉर्डिंग सार्वजनिक करने की मांग

विनयशील गुप्ता ने कहा कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए डायल-112 में हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की जानी चाहिए।

## ग्राम भगोरा में जनसमस्या निवारण शिविर में कई प्रकरणों का मौके पर निराकरण



**रायगढ़।** जनपद पंचायत रायगढ़ के भगोरा क्लस्टर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए समाधान और जनकल्याण का प्रभावी मंच बनकर उभरा। 21 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं।

शिविर में कुल 675 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अनेक मामलों का मौके पर ही निराकरण कर लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। शिविर केवल शिकायतों के समाधान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरण का भी केंद्र बना। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत श्रीमती रतनी राठिया एवं श्रीमती सुखमति राठिया को डबरी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि मकरध्वज को जॉब कार्ड वितरित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा तीन दिव्यांग हितग्राहियों को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। खाद्य विभाग के माध्यम से पांच हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पांच हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी सौंपी गई।

# बस यात्रियों को लग सकता है झटका किराया संशोधन पर मंथन तेज

**रायगढ़।** लगातार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे के बीच परिवहन विभाग के आलाधिकारियों और बस संचालकों की बैठक हुई। जिसमें बस संचालकों ने मुख्य रूप से डीजल की कीमतों में कमी और बढ़ोत्तरी के आधार पर यात्री किराया बढ़ाने या घटाने संबंधी कानून बनाने की मांग की। जिसको लेकर विभाग के आलाधिकारियों ने अन्य राज्यों के दरों का तुलनात्मक अध्ययन कर नया किराया दर पर जल्द निर्णय लेने की बात कही।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने पिछली बार बसों के किराए में वृद्धि वर्ष 2021 में की थी। जिसके बाद से डीजल की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है। यही वजह है कि इस बैठक में बस संचालकों ने सीधे तौर पर डीजल की मूल्य में लगातार वृद्धि को देखते हुए यात्री किराए में डीजल के मूल्य में कमी या वृद्धि के साथ घटने-बढ़ने का स्थायी कानून बनाए जाने की मांग की है। बस संचालकों की मानें तो लगातार डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी की वजह से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा आहीए क्योंकि वर्ष 2021 के बाद से अब तक यात्री किराए में इजाफा नहीं किया गया है।



### महिलाओं व दिव्यांगो के सीट रखने के निर्देश

बस संचालकों ने बताया कि इस। बैठक में प्रत्येक स्टेज कैरिज में क्षमता का 25 प्रतिशत भाग महिला यात्रियों के लिए तथा दिव्यांगजनों के लिए न्यूनतम 03 सीटें आरक्षित रखने को लेकर निर्देशित किया गया है। इसके अलावा महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर इस संबंध में सांकेतिक बोर्ड प्रदर्शित करने को भी कहा गया है। इसके अलावा दिव्यांगों के लिए प्रत्येक बस में चढ़ने-उतरने की सुविधा की भी व्यवस्था किए जाने की बात कही गई है।

### 2 वर्ष के टिकटों का रिकॉर्ड रखने के निर्देश

इस बैठक में मुख्य रूप से टिकट रिकॉर्ड न्यूनतम 02 वर्ष तक सुरक्षित रखने को कहा गया है। इसके अलावा टिकट में परमिट संख्या, परमिट प्रकार, वाहन क्रमांक, मार्ग या रूट, किराया, टिकट क्रमांक, जारी करने की तिथि तथा परिचालक का नाम एवं हस्ताक्षर अंकित करने होंगे। साथ ही वाहन के बाहरी भाग पर वाहन स्वामी का नाम.पता, मोबाइल नंबर, परमिट संख्या एवं प्रकार, परमिट वैधता, रूट, सेवा विवरण, पुलिस तथा परिवहन हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट अंकित करना होगा। वाहन के अंदर चालक, परिचालक, परिचय क्रमांक एवं हेल्पलाइन नंबर भी प्रदर्शित करना होगा। ताकि इसकी जानकारी बस में सफर करने वाले यात्रियों को भी मिल सके।

## सांसद के प्रयासों से ग्राम कया कमतरा सड़क को मिली स्वीकृति



**घरघोड़ा।** दूरस्थ आदिवासी अंचल के लिए बहुप्रतीक्षित ग्राम कया से ग्राम कमतरा तक पक्की सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। लोकसभा सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया के सक्रिय प्रयासों से इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति प्राप्त होने पर ग्रामीणों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार एवं जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान ग्राम कया में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सांसद श्री राठिया से भेंट कर उनका अभिनंदन किया। क्षेत्र के बीडीसी सदस्य, सरपंचगण तथा आम नागरिकों ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है, जिसकी स्वीकृति से विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कया से कमतरा मार्ग के पक्कीकरण की मांग वर्षों से की जा रही थी। सड़क स्वीकृत होने से क्षेत्रवासियों को विश्वास मिला है कि निकट भविष्य में आवागमन की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुविधा मिलेगी।

## माता पार्वती के तप की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# संपूर्ण सृष्टि के कल्याण के प्रतीक हैं शिव

■ श्रीश्याम मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**पत्थलगांव।** पुरुषोत्तम मास पर अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में श्री श्याम मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय दिव्य शिव महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में हुआ। कथा के प्रथम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

प्रयागराज से आए आचार्य पवन कुमार ने व्यासपीठ से कथा का रसपान कराते हुए भगवान शिव के दिव्य स्वरूप और उनकी महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व विधिवत व्यास गद्दी पूजन एवं भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद सायं 4 बजे से प्रारंभ हुई कथा रात्रि 7 बजे तक चली, जिसमें श्रद्धालु पूरे समय भक्ति रस में सराबोर रहे।





### कथा स्थल की आकर्षक सजावट

समिति ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। कथा स्थल की आकर्षक सजावट, सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं और आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। अग्रवाल महिला मंडल ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाली श्री श्याम सेवा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पंडाल में गूंजे शिव स्तुति के स्वर

भजन, संगीतमय प्रसंग और शिव स्तुति के मधुर स्वर पूरे पंडाल में गूंजते रहे। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोषों से वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति में इतने तल्लीन रहे कि समय का आभास ही नहीं हुआ। अग्रवाल महिला मंडल की पदाधिकारियों ने बताया कि कथा आगामी दिनों तक प्रतिदिन आयोजित होगी, जिसमें भगवान शिव के विभिन्न चरित्रों, लीलाओं और आध्यात्मिक संदेशों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा।

## 115 लीटर महुआ शराब और 92 देशी शराब जब्त, 5 आरोपी

**रायगढ़।** पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 115 लीटर महुआ शराब, 92 पौवा देशी और अंग्रेजी शराब, बिक्री की नकदी राशि तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने ग्राम लाखा स्थित न्यू गार्डन ढाबा के सामने कार्रवाई करते हुए विवेक दास महंत, संजय दास महंत और आकाश यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ था। मौके पर दबिश देने पर पुलिस ने 65 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। आरोपियों के पास से शराब परिवहन में इस्तेमाल होने वाले रबर ट्यूब भी जब्त किए गए। इसके अलावा साइबर और जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम ने संतोष टी स्टॉल के पीछे कार्रवाई करते हुए मनीष महिलाने को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर छिपाकर रखी गई 92 पौवा शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब बिक्री से प्राप्त 8 हजार 520 रुपए नकद भी बरामद किए हैं। वहीं पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम सामारूमा तालाब के पास घेराबंदी कर करन साहू को गिरफ्तार किया। आरोपी मोटरसाइकिल से 40 लीटर महुआ शराब का परिवहन कर रहा था। पुलिस ने शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।

04 -June -RAIGARH-pg-03_Layout 1 6/4/2026 9:13 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण पर विशेष जोर

**रायगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं परामर्शदात्री समिति के सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश के आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए विद्युत क्षेत्र का निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण आवश्यक है। चंडीगढ़ स्थित जे.डब्ल्यू. मैरियट होटल में केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता तथा केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येस्सो नायक की उपस्थिति में आयोजित विद्युत मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में देशभर से आए लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों और विशेष आमंत्रित सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, विद्युत क्षेत्र के समग्र विकास तथा स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक रणनीतियों पर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक के दौरान देश में विद्युत पारेषण एवं वितरण अवसंरचना के विस्तार, राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड के आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने तथा सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रभावी एकीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई।

### जिला अस्पताल में अटल आरोग्य लैब का शुभारंभ

**कटेली।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अंत्योदय और सुशासन के संकल्प के तहत छत्तीसगढ़ के वनांचल और नवगठित जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के चिकित्सा इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर स्थापित हुआ। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में अत्याधुनिक और सर्वसुविधायुक्त अटल आरोग्य लैब का गरिमामयी माहौल में भव्य शुभारंभ किया गया।
इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़ेए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल एवं जिला कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर लैब को जनता को समर्पित किया। इससे पहले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव और सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रशासनिक सतर्कता और डॉक्टरों का संकल्प जिला कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने इस दौरान लैब का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मशीनों का रखरखाव और टेस्ट की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो।

### नशामुक्त भारत अभियान को मिलेगा जनभागीदारी का बल

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ई-प्रतिज्ञा (ई-प्लेज) अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ दिलाने तथा समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। ई-प्रतिज्ञा के माध्यम से नागरिक ऑनलाइन शपथ लेकर नशे के विरुद्ध जनआंदोलन का हिस्सा बन सकेंगे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने निर्देश जारी कर सभी विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ई-प्रतिज्ञा क्यूआर कोड का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवा समूहों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वयंसेवकों तथा आम नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में ऑनलाइन शपथ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। अभियान के अंतर्गत रैली, कार्यशाला, संगोष्ठी, शपथ समारोह, खेलकूद प्रतियोगिता एवं अन्य जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

## जिला पंचायत सीईओ ने की जिला स्तरीय समीक्षा

# ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा स्वच्छ ग्राम-सुरक्षित जलवायु अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही घर-घर से निकलने वाले कचरे के स्रोत स्तर पर पृथक्करण, जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण एवं निस्तारण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने संबंधी विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सीईओ ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला सामाजिक अभियान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि



बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करते हुए आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों को एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रों को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त बनाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

### ग्राम पंचायतों में कचरा पृथक्करण पर विशेष जोर

जिपं सीईओ के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विभिन्न विभागों एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को नियमावली के प्रावधानों से अवगत कराते हुए उसके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए तैयार करना था। अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, घरों एवं संस्थानों से निकलने वाले कचरे के स्रोत स्तर पर पृथक्करण, प्लास्टिक एवं घरेलू अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा स्वच्छता संबंधी अधोसंरचना के प्रभावी संचालन एवं रखरखाव पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता से जुड़े व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने तथा अपशिष्ट प्रबंधन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।



# किसानों के लिए 24 हजार मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- कालाबाजारी रोकने प्रशासन सतर्क, हर दिन हो रही निगरानी और निरीक्षण

खरीफ सीजन में किसानों को समय पर कृषि आदान उपलब्ध कराने, उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा प्रत्येक कृषक तक समान रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में सतत निगरानी और सुव्यवस्थित वितरण व्यवस्था लागू की गई है।

वर्तमान में जिले में 24 हजार एमटी उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जिससे किसानों की मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित खाद वितरण सीमा का उद्देश्य किसी भी किसान को खाद से वंचित करना नहीं को भी समान रूप से उर्वरक उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था उर्वरकों है, बल्कि जिले के अंतिम छोर तक बसे किसानों के संतुलित वितरण और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लागू की गई है। कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक, निगरानी दल और मैदानी अमले प्रतिदिन सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। किसानों को उनके खेती के रकबे के अनुसार नियमानुसार उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। किसी भी विक्रय केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। आगे भी जिले के सभी उर्वरक विक्रय केंद्रों की निगरानी लगातार जारी रहेगी ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के आवश्यक उर्वरक उपलब्ध हो सकें। कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से हरी खाद उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन, जनसंपर्क गतिविधियों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।

### बीज भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था

जिले की सहकारी समितियों में खाद एवं बीज भंडारण के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कृषि विभाग ने बताया है कि गोदामों में खाद और बीज के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है तथा किसी भी समिति में भंडारण क्षमता की कमी नहीं है। बीजों का सुरक्षित रख-रखाव और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता तथा मजबूत निगरानी व्यवस्था के कारण किसानों को खरीफ सीजन के लिए आवश्यक कृषि आदान आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।

# सुदूर वनांचल ग्राम झाल में सुशासन शिविर, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के डोंगरीपाली क्षेत्र के सुदूर वनाँचल ग्राम झाल में सुशासन शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया, जिसमें ओड़शि बॉर्डर सीमा पर स्थित जिले के ग्राम करपी, हट्टापाली, जोगनीपाली, तरेकेला, दुलोपाली, झिंकीपाली, डोंगरीपाली, घोघरा, खम्हरिया, झाल, जीरापाली, कोकबहाल, डूमरपाली, गौरडीह, बिर्नीपाली, पड़कीडीपा, परधियापाली, धौरादरहा और विष्णुपाली के भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जिला प्रशासन की टीम पहुंचने से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया।



अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मंच से सभी विभागीय अधिकारियों ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय नायकए सदस्य सहोदरा सिदार, अभिलाषा नायक, बरमकेला जनपद पंचायत अध्यक्ष विद्या चौहान, गणमान्य नागरिक पुनीतराम चौहान, विलास सारथी आदि जनप्रतिनिधियों के हाथों हितग्राहियों को कृषि विभाग द्वारा किसानों को बीज, मत्स्य विभाग द्वारा आइस बॉक्स और मछली जाल, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, वन विभाग द्वारा पौधा वितरण किया गया।

## सुशासन तिहार में छोटे मुड़पार पहुंचे प्रभारी मंत्री जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**खरसिया।** सुशासन तिहार के अंतर्गत रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत छोटे मुड़पार में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम मंत्री कृषि, आदिम जाति विकास विभाग और रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया पहुंचे। इनके आगमन पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत सत्कार किया इसके साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति



रही। प्रभारी मंत्री ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर लोगों की समस्याओं को मौके पर सुनना एवं उनका समाधान करना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनीं।

## बिलाईगढ़ का अधूरा गौरव पथ, राहगीरों की मुसीबत

**बिलाईगढ़।** नगर के बंगलाभाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन गौरव पथ सड़क लंबे समय से अधूरी पड़ी हुई है। यह सड़क केवल एक सामान्य मार्ग नहीं, बल्कि तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय तथा कॉलेज जाने वाले सैकड़ों छात्र छात्राओं के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है।

इसके बावजूद निर्माण कार्य की अधूरी स्थिति ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। पिछले 2 साल से कार्य अधर में लटका है। गर्मी के दिनों में राहगीरों एवं व्यापारी धूल डस्ट से परेशान रहे और अब कुछ ही दिन बाद बरसात आने वाली है बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के



कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा है, वहीं गर्मी के मौसम में उड़ती धूल राहगीरों और आसपास के व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। सड़क की आधे अधूरे स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य आखिर अब तक पूरा क्यों नहीं हो पायाः जब यह मार्ग सीधे प्रशासनिक कार्यालयों तक पहुंचता है, तब भी जिम्मेदार विभागों और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं में इसका स्थान पीछे क्यों है। जनता के बीच यह चर्चा भी तेज हो रही है कि सड़क निर्माण की निगरानी और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने में संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं। निर्माण एजेंसी, तकनीकी अधिकारियों तथा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस विषय पर सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# निकाय का गजब का सिस्टमः एक इंजीनियर, तीन नगर पंचायतों का प्रभार, सभी का चल रहा उधारी में काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

- स्थायी इंजीनियर के अभाव में तकनीकी व्यवस्था चरमराई
- चंद्रपुर का विकास मंझधार में

नगरीय प्रशासन विभाग का गजब सिस्टम है। एक इंजीनियर को तीन-तीन नगरपंचायतों का प्रभार दिया गया है। याने स्थायी इंजीनियर किसी भी नगर पंचायत में नहीं है। ऐसे में तीनों निकायों का काम उधारी के इंजीनियर से चल रहा है। धार्मिक नगरी चंद्रपुर की नगर पंचायत इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही और तकनीकी अव्यवस्था का शिकार होती नजर आ रही है।

वर्तमान में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों वाली नगर पंचायत पिछले 6 महीनों से स्थायी इंजीनियर के बिना संचालित हो रहा है। हालात इतने चिंताजनक हैं कि पूरे नगर पंचायत की तकनीकी व्यवस्था एक ऐसे प्रभारी इंजीनियर के भरोसे छोड़ दी गई है, जो सप्ताह में महज एक दिन चंद्रपुर पहुंचते हैं। ऐसे में नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की





### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित करोड़ो निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। तकनीकी निगरानी के अभाव में ठेकेदारों की मनमानी बढ़ने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। यदि समय रहते स्थायी इंजीनियर की नियुक्ति नहीं की गई तो करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो सकते हैं। वही किसी भी निर्माण कार्य की सफलता नियमित तकनीकी पर्यवेक्षण पर निर्भर करती है।

निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण और तकनीकी नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े होने लगी है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल नगर पंचायत में पदस्थ उप अभियंता प्रदीप पटेल को नगर पंचायत चंद्रपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। हैरानी की बात यह है कि उनके पास पुसौर नगर पंचायत की जिम्मेदारी भी है। यानी एक ही अधिकारी तीन-तीन नगर निकायों के तकनीकी कार्यों का संचालन कर रहे हैं। प्रश्न यह है कि जब एक अधिकारी को तीन अलग-अलग क्षेत्रों के निर्माण कार्यों, योजनाओं, निरीक्षणों और तकनीकी प्रक्रियाओं को देखना पड़ेगा तो वह प्रत्येक नगर पंचायत को कितना समय दे पाएगा।

### सप्ताह में केवल एक दिन देते हैं समय

प्रभारी उप अभियंता प्रदीप पटेल सप्ताह में केवल एक दिन चंद्रपुर आते हैं। ऐसे में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण, माप पुस्तिका एमबी का संधारण, तकनीकी स्वीकृतियां, गुणवत्ता परीक्षण तथा ठेकेदारों के कार्यों की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण दायित्व प्रभावित हो रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे कई निर्माण कार्यों को लेकर पहले भी गुणवत्ता संबंधी सवाल उठ चुके हैं, लेकिन तकनीकी अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण इन शिकायतों के निराकरण में भी देरी हो रही है।

## बाबा वैद्यनाथ मिनरल्स क्रशर पर दबिश, नोटिस के साथ सील



**सारंगढ़।** खनिज अमला द्वारा बुधवार को सरिया तहसील के ग्राम साल्हेओना क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा गौण खनिज डोलामाईट का स्वीकृत भण्डारण बाबा वैद्यनाथ मिनरल्स प्रो. रमेश कुमार अग्रवाल 41 हजार 550 एमटी एक समय अवधि 13 जनवरी 2022 से 12 जनवरी 2032 तक का मौका निरीक्षण किया गया, जिसमें छग गौण खनिज नियम खनन, परिवहन एवं भण्डारण नियम 2009 में निहित शर्तों का उल्लंघन पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं क्रेशर को सील किया गया। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।







# विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

























